पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में दुर्गा पूजा एवं गरबा नृत्य आयोजन

राज्यपाल ने स्वयं उपस्थित होकर उत्साहवर्धन किया

लखनऊ : 10 अक्टूबर, 2021

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर राजभवन में दुर्गा पूजा एवं रंगारंग गरबा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जो 13 अक्टूबर तक चलेगा। नवरात्रि के प्रथम दिवस को राजभवन में दुर्गा पूजा पण्डाल स्थापित किया गया, जिसमें प्रतिदिन सायंकाल 8.30 बजे पूजा अर्चना तथा प्रसाद वितरण होता है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने स्वयं उपस्थित होकर उपस्थित जनसमूह का उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ पूजा अर्चना में भी भाग लेती हैं।

ज्ञातव्य है कि राजभवन उत्तर प्रदेश अपने संवैधानिक दायित्वों के साथ विभिन्न अर्थपूर्ण आयोजन भी समय–समय पर करता रहता है, जिनमें शैक्षिक, कला एवं संस्कृति, सम्मान समारोह, पुस्तक विमोचन एवं पुष्प प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम सम्मिलित है। राजभवन में दुर्गा पूजा एवं गरबा नृत्य में राजभवन के अधिकारी एवं कर्मी परिवार सहित उपस्थित होकर एक साथ गरबा नृत्य का आनंद लेते हैं। इसमें महिलाओं एवं बच्चों की विशेष उपस्थिति रहती है तथा अनेक गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित होते हैं।

—————

राजभवन (56/13)

सम्पर्क सूत्र
राम मनोहर त्रिपाठी
9453005360